## खास-खबर

### मुख्यमंत्री ने किया डॉ. भीमराव अंबेडकर को नमन



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि पर नमन किया। श्री चौहान ने आज मुख्यमंत्री निवास सभाकक्ष में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डॉ. अंबेडकर के योगदान का स्मरण भी किया।

### चौहान ने लगाया अशोक का पौधा



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रतिदिन पौधारोपण के संकल्प के अंतर्गत आज स्मार्ट पार्क परिसर में अशोक का पौधा लगाया। अशोक वृक्ष सिर्फ पर्यावरण को ही शुद्ध नहीं करते, बल्कि हमारे शरीर को भी स्वस्थ करने में सक्षम हैं। यह त्वचा का रंग साफ करने, दर्द से राहत दिलाने, डायबिटीज नियंत्रित करने, संक्रमण से बचाव, डायरिया से बचाव, किडनी में पथरी, टूटी हड्डियों को जोड़ने में मददगार हैं। अशोक का वृक्ष उद्यानों की शोभा बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण है। घर के आंगन में भी यह सौंदर्य बढ़ाता है।

### 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं एक माह के लिए स्थगित

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा और सामान्य प्रशासन राज्य मंत्री इन्दर सिंह परमार के निर्देश पर प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं एक माह के लिए स्थगित कर दी गई है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी, हायर सेकेंडरी (व्यवसायिक), डिप्लोमा इन प्री स्कूल एजुकेशन, शारीरिक प्रशिक्षण पत्रोपाधि परीक्षाएं अब जून माह में आयोजित की जाएंगी। यह परीक्षाएं जून माह के प्रथम सप्ताह से आरंभ की जाकर अंतिम सप्ताह तक संपन्न कराई जाएंगी, विस्तृत संशोधित परीक्षा कार्यक्रम शीघ्र जारी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मंडल द्वारा यह परीक्षाएं 30 अप्रैल एवं एक मई 2021 से प्रारंभ होना नियत थी। प्रदेश में कोविड-19 के संक्रमण से बचाव और रोकथाम के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य एवं लोकहित में यह निर्णय लिया गया है।

### चचेरे भाई ने किया था रेप, अब मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने नाबालिग पीड़िता को दी गर्भपात की मंजूरी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने 15 वर्षीय एक बलात्कार पीड़िता को उसकी 28 हफ्ते की प्रेगनेंसी को खत्म करने की इजाजत दी है। पीड़ित लड़की की मां की वकील शारदा दुबे ने मंगलवार को बताया कि न्यायमूर्ति विशाल धगट ने चिकित्सा विशेषज्ञों को याचिकाकर्ता की 15 वर्षीय बेटी के गर्भ को मानक दिशा निर्देशों के अनुसार अत्यंत सावधानी पूर्वक समाप्त करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी की रिपोर्ट हासिल करने के बाद नौ अप्रैल को इस मामले में यह अनुमति दी है। मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी एक्ट के प्रावधानों के तहत 20 सप्ताह से अधिक के गर्भ को केवल उच्च न्यायालय की अनुमति की बाद ही समाप्त किया जा सकता है। दुबे ने बताया कि पीड़ित लड़की के साथ उसके चचेरे भाई ने नवंबर 2020 में बलात्कार किया था। वारदात के समय पीड़िता के परिवार के अन्य सदस्य काम से घर से बाहर गए हुए थे। इसके बाद बेटी में शारीरिक बदलाव देखने के बाद पीड़िता के माता-पिता ने 19 मार्च 2021 को मामले की सूचना पुलिस को दी।

### पार्टी कार्यकर्ताओं ने आमजन सहित परिजनों का टीकाकरण कराकर मनाया टीका उत्सव

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के निर्देश पर प्रदेश को कोरोना मुक्त बनाने के संकल्प पर बढ़ते हुए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं द्वारा टीका उत्सव का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने आमजन के साथ-साथ अपने परिजनों को भी कोरोना का टीका लगवाया।

टीका उत्सव की जानकारी देते हुए भारतीय जनता पार्टी प्रदेश महामंत्री एवं टीकाकरण अभियान के प्रदेश प्रभारी भगवानदास सबनानी ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती 11 अप्रैल से शुरू हुआ टीका उत्सव प्रदेश के सभी 57 जिलों के 1070 मंडलों में मनाया गया। इस उत्सव में 13078 कार्यकर्ताओं ने अपना संपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में सोशल मीडिया की टीम द्वारा नागरिकों को टीकाकरण के लिए सतत जागरूक किया जा रहा है। पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, वरिष्ठ नेताओं सहित प्रदेश के 715 से अधिक जनप्रतिनिधि घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाकर एवं सहायता केन्द्रों पर जाकर सहयोग प्रदान कर रहे हैं। टीकाकरण अभियान के प्रचार प्रसार के लिए प्रदेश में अधिक से अधिक स्थानों पर बैनर होर्डिंग लगाए गए हैं।

# स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने किया कोविड कमांड कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण



भोपाल (काप्र)।

**स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने आज स्मार्ट सिटी स्थिति कोविड कमांड कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंनेकमांड सेंटर से वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिये होम आइसोलेशन में रह रहे कोविड मरीजों से बात कर उनकी स्वास्थ्य की जानकरी ली।**

डॉ. चौधरी मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य होने कामना की। उन्होंने कोविड कमांड कंट्रोल सेंटर द्वारा दिए जा रहे निर्देशों का पालन करने को कहा, साथ ही मरीजों से कहा कि अपनी दवाईयाँ समय पर लें। डॉ. चौधरी को बताया गया कि कोविड कमांड सेंटर से डॉक्टरों द्वारा होम आइसोलेशन के मरीजों से दिन में दो बार बातचीत की जाती है और स्वास्थ्य की जानकरी ली जाती है। उन्होंने होम आइसोलेशन में रह रहे यश मेहरा एवं पूनम से बातचीत की।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने पीपुल्स मेडिकल कॉलेज, एल.एन मेडिकल कॉलेज और एनएचएम ऑफिस पहुँचकर कोविड मरीजों के इलाज के लिए चल रही व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण से प्रभावित सभी मरीजों का इलाज बेहतर तरीके से किया जाए। गंभीर हालत वाले मरीजों को प्राथमिकता के साथ इलाज किया जाए। इसके साथ ही दोनों मेडिकल कॉलेज के प्रबंधक ने डॉ. चौधरी से आग्रह किया कि कोरोना पॉजिटिव मरीजों के लिए बेड और बढ़ाए जाए।

इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी, उप संचालक आशा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शैलेश साकल्ले, उप संचालक डॉ. शरद तिवारी उपस्थित रहे। कोविड कमांड कंट्रोल सेंटर में होम आइसोलेशन प्रभारी डॉ. संगीता टांक ने कमांड सेंटर द्वारा किये जा रहे कार्यों से स्वास्थ्य मंत्री को अवगत कराया।

# रेडक्रॉस अस्पताल बनेगा कोविड केयर सेंटर

## चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने किया निरीक्षण



भोपाल (काप्र)।

**चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने बुधवार को रेडक्रॉस अस्पताल का निरीक्षण किया। वहाँ उपलब्ध तमाम व्यवस्थाओं को देखा। श्री सारंग ने बताया कि भोपाल में कोरोना मरीजों के लिये उपचार हेतु बिस्तरों में वृद्धि करने के लिये जल्द ही रेडक्रॉस अस्पताल को कोविड केयर सेंटर बनाया जायेगा।**

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि रेडक्रॉस अस्पताल को कोविड केयर सेंटर में बदलने से लगभग 50 बिस्तर में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि यहाँ के जनरल और स्त्री रोग के मरीज जयप्रकाश अस्पताल में शिफ्ट किये जायेंगे। लगभाग 2-3 दिन में इसकी शुरूआत कर दी जायेगी। इस मौके पर श्री सारंग के साथ अपर मुख्य सचिव श्री मोहम्मद सुलेमान, कलेक्टर श्री अविनाश लवानिया, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी और रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमेन आशुतोष पुरोहित उपस्थित थे।

### प्रदेश के सरकारी स्कूलों में 15 अप्रैल से 13 जून तक गर्मियों की छुट्टियांः परमार

**भोपाल (काप्र)। मध्यप्रदेश के स्कूल शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) एवं सामान्य प्रशासन राज्य मंत्रीइन्दर सिंह परमार ने बताया कि प्रदेश में कक्षा पहली से आठवीं तक के शासकीय एवं अनुदान प्राप्त समस्त विद्यालयों के लिए 15 अप्रैल से 13 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया है।**

परमार ने कहा कि वर्तमान कोरोना महामारी की परिस्थिति और विद्यालयीन छात्रों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि प्रदेश में अशासकीय विद्यालयों में कक्षा पहली से आठवीं तक की कक्षाओं का भौतिक संचालन 30 अप्रैल तक नहीं किया जाएगा। इन कक्षाओं का ऑनलाइन शिक्षण कार्य जारी रह सकेगा। सभी शासकीय एवं अशासकीय छात्रावासों को तत्काल प्रभाव से बंद किया गया है। इस संबंध प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक एवं प्राचार्य को स्कूल शिक्षा विभाग ने दिशा-निदेर्श जारी कर दिए है। कक्षा पहली से आठवीं तक की शालाओं में कार्यरत सभी शासकीय शिक्षक ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बोर्ड परीक्षाओं के पूरा होने तक मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। बोर्ड परीक्षा के दौरान पर्यवेक्षण या अन्य शासकीय कार्य के लिए ड्यूटी लगाए जाने पर आवश्यक रूप से उपस्थित होंगे। जारी निदेर्शों में स्पष्ट किया गया है कि बोर्ड परीक्षाएँ संबंधित बोर्ड, माध्यमिक शिक्षा मंडल, सीबीएसई, आईसीएसई इत्यादि के निर्देश के अनुसार ही आयोजित होंगी।

# टीका उत्सव में 11 लाख 42 हजार नागरिकों को हुआ वैक्सीनेशन

भोपाल (काप्र)।

**कोरोना महामारी को रोकने का सबसे कारगर उपाय टीका है। इसी मुहिम को और तेज करने के लिये 11 अप्रैल से महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती से टीका उत्सव शुरू किया गया, जो 14 अप्रैल अम्बेडकर जयंती तक संपूर्ण भारत में चलाया गया।**

टीका उत्सव में मध्यप्रदेश में टीकाकरण केन्द्रों की संख्या बढ़ाई जाकर सभी जगह मानव संसाधन, वैक्सीन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की पूर्ति की गई। प्रदेश में कोविड-19 से बचाव के लिए टीका उत्सव के तीसरे दिन तक 11 लाख 41 हजार 958 लोगों को वैक्सीन लगाई गई।

टीका उत्सव को सफल बनाने के लिये जन-आंदोलन के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियों को टीका लगाने के लिए सभी जिलों ने अपनी अलग-अलग रणनीति बनाई गई। आशा और आँगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा घर-घर संपर्क कर लोगों को प्रेरित कर रही है। स्थानीय जन-प्रतिनिधि, धर्म गुरूओं, सामाजिक संगठन आदि के सहयोग से टीका उत्सव में टीकाकरण किया जा रहा है।

अपर संचालक, टीकाकरण संतोष शुक्ला ने बताया कि अभी तक प्रदेश में 66 लाख 31 हजार 149 नागरिकों का वैक्सीनेशन हो चुका है। इनमें करीब 8 लाख 13 हजार 624 हेल्थ वर्कर और फ्रंट लाइन वर्कर जिन्होंने पहला डोज लिया और 5 लाख 42 हजार 843 लोगों ने दूसरा डोज लिया। इसके अतिरिक्त 45 वर्ष से अधिक वर्ष की आयु सीमा वाले 52 लाख 74 हजार 682 लोगों ने टीका लगवाया। 16 जनवरी के पश्चात 87 दिन में सर्वाधिक एक दिन में 12 अप्रैल 2021 को 4 लाख 29 हजार लोगों का ऐतिहासिक टीकाकरण किया गया।

### भाजपा नेता से बोले- तुझे तेरी औकात याद दिला दूंगा, मुझे मिट्टी कूड़ा मत समझना

**भोपाल (काप्र)। गुना विधायक गोपीलाल जाटव और जिले के आरोन क्षेत्र निवासी भाजपा नेता मुनेश रघुवंशी का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वायरल ऑडियो में गुना विधायक भाजपा नेता को उसकी औकात बता रहे हैं। साथ ही उसे जड़ से मिटाने की बात कहते हुए सुनाई दे रहे हैं।**

दरअसल मामला यह है कि सोशल मीडिया पर एक ऑडियो वायरल हो रहा है। यह ऑडियो पूर्व मंत्री और वर्तमान गुना विधायक गोपीलाल जाटव का बताया जा रहा है। वायरल ऑडियो में विधायक गोपीलाल जाटव एक भाजपा नेता को धमकाते हुए सुनाई दे रहे हैं। ऑडियो में विधायक भाजपा नेता से कह रहे हैं कि तुम्हे तुम्हारी औकात याद दिला दूंगा। वायरल ऑडियो से यह समझ आ रहा है कि किसी दुकान के खुलने को लेकर बातचीत हो रही है। विधायक कह रहे हैं कि मुझे मिट्टी और कूड़े की तरह मत समझना। हम संबंध निभा रहे हैं, की संबंध है। पूछ वो काकाजी से हम संबंध निभा रहे। इसके अलावा विधायक पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह रघुवंशी पर भी टिप्पणी करते सुनाई दे रहे हैं।

इस टिप्पणी को लेकर जिले का रघुवंशी समाज भी खासा नाराज हो गया है। विधायक गोपीलाल जाटव पूर्व में भी अपने बयानों को लेकर काफी चर्चा में रहे हैं। खास बात यह है की ऑडियो वायरल होने के बाद भी विधायक के कहने पर दूसरे के खिलाफ ही मामला दर्ज किया गया हैं।

### ऑक्सीजन पर विश्नोई ने सरकार को फिर घेरा, सीएम से पूछा सवाल

भोपाल (काप्र)।

पूर्व स्वास्थ्य मंत्री व भाजपा विधायक अजय विश्नोई ने ऑक्सीजन की खपत को लेकर शिवराज सरकार को घेरा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा है- मुख्यमंत्री जी, प्रदेश में ऑक्सीजन की कमी है। कृपया ध्यान दें। अप्रैल के पहले सप्ताह में महाराष्ट्र में 50 हजार मरीज थे और ऑक्सीजन 457 टन खर्च हुई। इस अवधि में मध्य प्रदेश में 5 हजार मरीजों पर 732 टन ऑक्सीजन क्यों खर्च हुई

दरअसल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार सुबह कहा था कि ऑक्सजीन का इंतजाम चुनौती है, इससे इंकार नहीं करता, लेकिन 13 अप्रैल को 272 मीट्रिक टन ऑक्सीजन की जरूरत थी। आज 280 मीट्रिक टन उपलब्ध है। इससे पहले विश्नोई ने क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की बैठक में कोरोना से होने वाली मौतों के आकंड़े छुपाने का आरोप लगाया था। बैठक के दौरान जब मुख्यमंत्री ने उन्हें टोका था, तो विश्नोई ने कह दिया था कि यदि सच नहीं सुनना चाहते तो मैं चुप हो जाता हूं। विश्नोई कोरोना वैक्सीन के दोनों डोज लगने के बाद संक्रमित हो चुके हैं।

**इधर, कांग्रेस विधायक लक्ष्मण सिंह ने किया बचाव:** कांग्रेस विधायक लक्ष्मण सिंह ने सरकार और अफसरों का बचाव किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा - कोविड से केवल और केवल जनता ही लड़ सकती है। सरकार, नेता या अधिकारी नहीं। नियमों का पालन करें। राजनीतिक और धार्मिक आयोजनों से कुछ दिनों के लिए बचें, तभी मरीजों की संख्या में कमी आ सकती है।

# दलितों का अपमान करने वाली तृणमूल प्रत्याशी पर हो कारवाई, भाजपा कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन



भोपाल (काप्र)।

पश्चिम बंगाल के आरामबाग से तृणमूल कांग्रेस की प्रत्याशी श्रीमती सुजाता मंडल खान द्वारा अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों के बारे में की गई अपमानजनक टिप्पणी का पार्टी कार्यकर्ताओं ने विरोध किया है। कार्यकर्ताओं द्वारा तृणमूल प्रत्याशी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदेश के प्रत्येक जिले में बुधवार को ज्ञापन सौंपा गया। भोपाल में जिला अध्यक्ष श्री सुमित पचौरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भोपाल कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर जिला उपाध्यक्ष अशोक सैनी, राजेन्द्र गुप्ता उपस्थित थे।

### परिचर्चाओं, व्याख्यान और सेवा कार्यों के साथ मनाई डॉ. अंबेडकर की जयंती

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती बुधवार को भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश के प्रत्येक मंडल में मनाई। इस अवसर पर डॉ. अंबेडकर की प्रतिमाओं, चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की गई, वहीं सेवा बस्तियों में कार्यक्रम आयोजित कर अनुसूचित जाति के वरिष्ठ नागरिकों, मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। डॉ. अंबेडकर की जयंती पर आयोजित परिचर्चाओं एवं व्याख्यानों में उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला। वहीं, केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की शिवराज सरकार द्वारा किये गए उल्लेखनीय कार्यों की भी चर्चा की गई। भोपाल में बोर्ड ऑफिस चौराहे पर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर प्रदेश शासन के मंत्री प्रभुराम चौधरी, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी ने मार्ल्यापण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अशोक सैनी, राजेन्द्र गुप्ता, राजेन्द्र सिंह, जसवंत सिंह राजपूत, कमलेश चौहान, महेश शाक्य, अरविंद वर्मा, नवीन मालवीय उपस्थित थे।

### बरगद की बात करते हैं गमले में लगे लोगः डॉ. मिश्रा

भोपाल (काप्र)।

**जिन लोगों को न धरा का पता है, ना आधार का एहसास है, सूरज को त्यौरियां चढ़ाकर आंखें दिखाने लगे हैं। गजब करने लगे हैं गमले में लगे लोग। मध्यप्रदेश के गृह मंत्री व बंगाल चुनाव में भाजपा की 57 सीटों के प्रभारी डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने आज ममता बनर्जी व टीएमसी पर जमकर हमला बोला।**

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार टीएमसी के अंदर भगदड़ मची है उससे यही संकेत जा रहा है कि आने वाले समय मे टीएमसी की हालत कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी से भी बदतर होने वाली है डॉ मिश्रा इन दिनों बंगाल दौरे पर है। आज यह मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होनो कहा कि बंगाल में परिवर्तन होना तय है। यह बात ममता दीदी भी जानती है और उनसे जुड़े लोग। टीएमसी कभी राष्ट्रहित में काम नही कर सकती यही कारण है कि लगातार उनसे जुड़े लोग टीएमसी छोड़ रहे है। भगदड़ की स्थिति मची हुई है। आज फिर हम से जुड़े हुए लोग भाजपा में सम्मिलित हुए हैं। धीरे-धीरे स्पष्ट होते जा रहा है कि टीएमसी की हालात बंगाल में कांग्रेस व कम्युनिस्ट से भी बुरी होने वाली है क्योंकि यह तो सिर्फ तोला बाजो की पार्टी ही होकर रह गई है। डॉ.मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस और कम्युनिस्ट दोनों पार्टियां भी कभी यहाँ ताकतवर हुआ करती थी। दोनों ने ही यहां लंबे समय तक जनता को बरगलाकर झूठ के सहारे लंबे समय तक राज किया लेकिन जनता ने दोनों को नकार दिया है।टीएमसी की हालत भी ऐसी ही होनी है क्योंकि जनता परिवर्तन करने का मन बना चुकी है। आने वाली 2 मई को सब देखेंगे कि जनता जब ठान लेती है तो सत्ता- सिंहासन कैसे बदल कर रख देती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और स्वयं उनके लिए टीएमसी के प्रदेश सचिव शिव दासन दासु द्वारा असंसदीय और अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल किए जाने संबंधी प्रश्न के जवाब में डॉ. मिश्रा ने कहा कोहनी पे टिके लोग, खूंटी पर टंगे लोग,बरगद की बात करते हैं गमले में लगे लोग।

## खास-खबर

प्रमुख सचिव ने किया प्रस्तावित कोविड केयर सेंटर का निरीक्षण...

# कोविड-19 के विरूद्ध आयुष विभाग पुनः निभाएगा सक्रिय भूमिका

भोपाल (काप्र)।

**आयुष राज्य मंत्री रामकिशोर कावरे के निर्देशानुसार कोविड-19 आपदा काल में आयुष विभाग पुन सहभागिता बढ़ाने के लिये सक्रिय है। आयुष विभाग के डॉक्टर्स एवं पैरामेडिकल स्टाफ की ड्यूटीस आदि के कार्य पुनः प्रारंभ हो गये हैं। विगत एक माह में भोपाल में विभाग के लगभग 100 डॉक्टर्स एवं स्टाफ की ड्यूटी कलेक्टर द्वारा रेपिड रिस्पॉन्स टीम में लगाई गई है, वे सक्रियता से लगातार अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं।**

बुधवार को प्रमुख सचिव सह आयुक्त श्रीमती करलिन खोंगवार देशमुख की अध्यक्षता में कोविड-19 के वर्तमान संकटकाल में आयुष विभाग द्वारा की जा रही कार्यवाही की समीक्षा हुई। प्रदेश के सभी आयुष महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं संभागीय आयुष अधिकारी समीक्षा के दौरान ऑनलाइन जुड़े। इस दौरान उनके अधीनस्थ संस्थाओं एवं जिलों में वर्तमान में किये गये कार्यों की जानकारी प्राप्त की गई। बैठक में निर्देशित किया गया कि आयुष मंत्रालय द्वारा कोविड-19 के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों के तहत औषधियों का वितरण किया जाए। आयुष विभाग द्वारा आयुर्वेद की गिलोय, ऑवला, हल्दी, तुलसी, अश्वगंधा, होम्योपैथी की आर्सेनिक एल्ब-30 तथा यूनानी की जौशांदा, त्रियाक नजला, असगंध औषधियों का वितरण महाविद्यालयों, चिकित्सालयों, आयुष विंग एवं औषधालयों के माध्यम से किया जा रहा है। इसकी सतत निगरानी रखने के निर्देश दिये गये हैं। प्रत्येक नागरिक का मोबाइल नंबर सहित सभी जानकारी आवश्यक रूप से पंजीबद्ध करने को कहा गया है। प्रतिदिन वितरण की जाने वाली औषधियों की रिपोर्ट संचालनालय को भेजी जाए।

कोविड पॉजिटिव, कोविड केयर सेंटर तथा होम आइसोलेशन के रोगियों के लिये कलेक्टर, सीएमएचओ के निर्देशानुसार आरोग्य कसायम-20 का वितरण करवाया जाए। आयुष विभाग के चिकित्सक, छात्र तथा पेरामेडिकल स्टाफ के लगभग 500 कर्मचारी प्रदेश के विभिन्न जिलों में सीएमएचओ के निर्देशन में स्क्रीनिंग और कोविड केयर सेंटर में कार्य कर रहे हैं।

प्रमुख सचिव श्रीमती करलिन खोंगवार देशमुख ने बुधवार को शासकीय यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय, आयुष परिसर भोपाल में प्रस्तावित कोविड केयर सेंटर की तैयारियों का मुआयना किया। प्रमुख सचिव के भ्रमण के समय यूनानी महाविद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. मेहमूदा बेगम एवं चिकित्सालय अधीक्षण डॉ. सलीम अहमद मौजूद थे। जानकारी दी गई कि वर्तमान में यूनानी चिकित्सालय में कोविड-19 वैक्सीनेशन सेंटर कार्यरत है। जिला प्रशासन द्वारा 40 ऑक्सीजन कोविड बेड तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। भ्रमण के समय खुशीलाल आयुर्वेद महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. उमेश शुक्ला एवं होम्योपैथी महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. एस.के. मिश्रा भी उपस्थित थे।

**ग्वालियर में कोविड केयर सेंटर:** शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालयीन चिकित्सालय ग्वालियर को कोविड केयर सेंटर बना दिया गया है। यहॉ के सभी एएमओ की ड्यूटी कोविड सेंटर में लगा दी गई है। एएमओ पद विरुद्ध व्याख्याता की ड्यूटी भी सीएमएचओ द्वारा ग्वालियर में कोविड के तहत लगाई गई है।